Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 25-07-2022 | अंक 295

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइक की भिड़ंत में महिला घायल



बरही थाना अंतर्गत गौरियाकरमा निवासी अंजली कुमारी उम्र 18 वर्ष पति सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला हजारीबाग से अपने पति एवं छोटे बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर अपना घर वापस लौट रही थी। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिसके कारण महिला को गंभीर रूप से चोट आई। वहीं घायल महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया । जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

# अमृत सरोवर योजना के तहत हरिला में तालाब का होगा जीर्णोधार, बीडीओ

## मुखिया एवं बीडीओ ने शिलान्यास कर किया शुभारम्भ

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत करसो पंचायत के हरीला में अमृत सरोवर के तहत तालाब का जीर्णोधार किया जाएगा। जीर्णोधार कार्य का शिलान्यास सोमवार को बरही बीडीओ सी. आर. इंदवार एवं करसो मुखिया उषा राम ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ ने बताया की इस तालाब का जीर्णोधार लगभग पांच लाख के लागत से किया जायेगा। बीडीओ ने बताया की जल संचयन के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में प्राचीन धरोहर तथा आस्था के केंद्र के रूप में तालाबों को अमृत सरोवर परियोजना के तहत संवारने का बीड़ा सरकार के द्वारा उठाया गया है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत सरोवर परियोजना की मुहिम छेड़ी है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों का भी जीर्णोधार का काम किया जा रहा है। मुखिया उषा राम ने बताया की इस तालाब के जीर्णोधार होने से आस पास के सैकड़ों एकड़ जमीन में खेती के लिए सिचाई की व्यवस्था हो पायेगा।मौके पर बीडीओ सी.आर. इंदवार, मुखिया उषा राम, बरही मध्य के जीप प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, पंचायत समिति सदस्या रेखा देवी, उप मुखिया बालेश्वर यादव, वार्ड सदस्य कामेश्वर यादव, बीरेंद्र यादव, गिरधारी यादव, अर्जुन यादव सहित दर्जनों मजदूर मौजूद थे।



तालाब जीर्णोद्धार का शिलान्यास करती बीडीओ एवं मुखिया




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 25-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## नईटांड़ में बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ, शाखा प्रबंधक और मुखिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन करते मुखिया एवं शाखा प्रबंधक

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के नईटांड़ में सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया का शुभारंभ किया किया गया। जिसका उद्घाटन बैंक अ०फ इंडिया के शाखा प्रबंधक अविनाश आनंद एवं मुखिया मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक रिंकी कुमारी ने बताया की इस ग्राहक सेवा केंद्र के खुलने से आस पास के लोगो को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। वहीं मुखिया मनोज कुमार ने बताया की ग्राहक केंद्र के खुलने से आस पास के लोगो बहुत फायदा है। बैंक में दी जाने वाली हर एक सुविधा इस सेंटर में भी दी जाएगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा की इससे पहले छोटा से छोटा काम के लिए बैंक जाना पड़ता था जहां लोगों को घंटो अपना समय गंवाना पड़ता था। लेकिन अब इस सेंटर के खुलने से लोग आसानी से अपना काम कर सकेंगे और अपना समय भी बचाएंगे। मौके पर बैंककर्मी रोहित कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति, मोहन प्रजापति, प्रीतम पंडित, जागेश्वर प्रजापति, अर्जुन पंडित, विजय साव, मनोज पंडित, कुलदीप कुमार, सखी मंडल से संजू कुमारी, रंजना देवी, कविता देवी, आशा देवी, गुड़िया देवी, ममता देवी, नीलम देवी, रूबी देवी एवं राखी कुमारी मुख्य रूप से मौजूद थी।

## ब्रह्म विद्या विहंगम योग की सप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन, स्वर्वेद की हुई पाठ

### गुरु बहन मीनाक्षी देवी को भेंट की गई स्वर्वेद ग्रंथ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


सत्संग गोष्ठी में शामिल भक्तजन


बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को ब्रह्म विद्या वि. हंगम योग की ओर से साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन चंद्र मोहन मिश्रा के अध्यक्षता में किया गया। जिसमे कार ध्वनि सामूहिक, स्वागत गान सिकंदर सिंह के द्वारा की गई। मंगलगान सुनीता कुमारी, उद्घोष सत्येंद्र सिंह उर्फ किशोरी सिंह के द्वारा किया गया। माल्यार्पण का कार्य सामूहिक रूप से की गई। ज्ञान गुदड़ी पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता, स्वर्वेद पाठ चंद्र मोहन मिश्रा, भजन सुनीता कुमारी, पूनम मिश्रा एवं सिकंदर निषाद के द्वारा किया गया। ध्यान प्रवचन महेश प्रसाद के द्वारा एव वंदना आरती एवं शांति पाठ सामूहिक रूप से किया गया। गोष्ठी में ही गुरु बहन मिनाक्षी देवी को शंकुतला देवी के द्वारा स्वर्वेद ग्रन्थ भेंट किया गया। मौके पर डॉ महेश प्रसाद, चंद्रमोहन मिश्रा, अनमोल राणा, कैलाश प्रसाद केशरी, पूनम देवी, ममता देवी, मीनाक्षी गुप्ता, नीलू देवी, शकुंतला देवी, सुनीता देवी, राजदेव सिंह, सिकंदर सिंह, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, रवींद्र सिंह एवं पप्पू राम मुख्य रूप से मौजूद थे।

## रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में क्विज कंपीटिशन का हुआ आयोजन

### कांटे की टक्कर में लड़कियों की टीम ने लड़कों को 17–16 से किया पराजित, लड़कों ने भी दिखाया दमखम

### स्टूडेंट्स में तार्किक एवं बौद्धिक विकास करना हमारा लक्ष्य : राकेश रोशन

**अपेम लाइव : बरही**
**विकाश कुमार**




हजारीबाग रोड स्थित पानी टँकी के समीप संचालित रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में क्विज कम्पटीशन का आयोजन किया गया। क्विज के लिए दो अलग अलग टीम बनाए गए थे। पहला टीम लड़कियों का था और दूसरा लड़कों का। इस क्विज में प्रत्येक ग्रुप से 25-25 प्रश्न पूछे जाने थे जिसमें दोनों टीमों ने एक समान 14-14 प०इंट ला कर क्विज को ड्रा रखा। ड्रा के बाद रैपिड फायर राउंड के तहत 3 प्रश्न निदेशक राकेश रोशन के द्वारा पूछा गया। जिसका जवाब दोनों टीमों को देना था। इसके बाद भी दोनों टीमों ने 1-1 प०इंट बना कर ड्रा कर दिया। इस कांटे की टक्कर को देखते हुए अंतिम में 2 और प्रश्न पूछे गए जिसमे की लड़कियों के 2 पॉइंट प्राप्त किया और लड़कों ने 1 पॉइंट। इस कांटे के टक्कर में लड़कियों ने 2-1 से क्विज पर अपना कब्जा जमा लिया। क्विज के उपलक्ष्य में इंस्टिट्यूट के निदेशक राकेश रोशन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस क्विज का उद्देश्य स्टूडेंट्स के तार्किक और बौद्धिक विकास में वृद्धि कराना है। ऐसे प्रतियोगिता से बच्चों के बीच प्रतियोगी भावना जागृत होते हैं, जिससे कि आने वाले चुनौतियों पर आसानी से विजयी पाया जा सके। ज्ञात हो कि कंप्यूटर विषय से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी प्रश्न पूछे जाते हैं, जहाँ ऐसे प्रतियोगिता के आयोजन से उनमे शानदार प्रदर्शन किया जा सके। क्विज के परिणाम के बाद विजेता टीम को इंस्टिट्यूट के निदेशक द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित करने और उपविजेता टीम को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित करने की बात कही। साथ ही शिक्षक अंकित कुमार चन्द्रवंशी ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। क्विज में भाग लेने वालों में समर आनन्द, शुभम निषाद, राज सैम, मो. सोहराब, सैनिक कुमार सिंह, शिवम कुमार, नागेश्वर ठाकुर, रुतेंद्र गुप्ता, प्रदीप पंडित, उदय कुमार, सोनू कुमार, संजीत कुमार, अनिल चन्द्रवंशी, अभिषेक चंद्रवंशी, संजीत कुमार, अनिल कुमार यादव, तन्नू कुमारी, रोशलेट निर्मला, कशिश प्रवीण, सोनल कुमारी, रानी कुमारी, कोमल कुमारी, आरती कुमारी, पूनम कुमारी, स्वीटी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सपना भारती, अंशु गुप्ता, नंदनी कुमारी आदि शामिल थे।

## ब्रह्मा विद्या विहंगम योग द्वारा सप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को ब्रह्मा विद्या योग द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन चंद्र मोहन मिश्रा के अध्यक्षता में किया गया। जिसमे कार ध्वनि सामूहिक, स्वागत गान सिकंदर सिंह, मंगलगान सुनीता कुमारी, उद्घोष सत्येंद्र सिंह उर्फ किशोरी सिंह, माल्यार्पण सामूहिक, ज्ञान गुदड़ी पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता, स्वर्वेद पाठ चंद्र मोहन मिश्रा, भजन सुनीता कुमारी, पूनम मिश्रा एवं सिकंदर निषाद, ध्यान प्रवचन महेश प्रसाद, वंदना सामूहिक, आरती सामूहिक, शांति पाठ सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर डॉ महेश प्रसाद, चंद्रमोहन मिश्रा, अनमोल राणा, कैलाश प्रसाद केशरी, पूनम देवी, ममता देवी, मीनाक्षी गुप्ता, नीलू देवी, शकुंतला देवी, सुनीता देवी, राजदेव सिंह, सिकंदर सिंह, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, रवींद्र सिंह एवं पप्पू राम मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सरकारी राशि गबन के मामले में तीन गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

सरकारी राशि को षड्यंत्र के तहत गबन करने के मामले में बरही पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को बरही थाना में कांड संख्या 130/17, दिनांक 20 जुलाई को धारा 406/409/420/120(B)/34 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर बरही पुलिस ने मोती लाल सोरेन उम्र 50 पिता चेपा सोरेन कुरहरिया, सुधीर कुमार उम्र 40 वर्ष पिता राजेंद्र प्रसाद ग्राम बरसोत दोनो थाना बरही, शीतल टुड्डू उम्र 32 वर्ष पिता धनीराम टुड्डू पंचरूखी तिलैया, थाना बरकट्ठा को बरही पुलिस ने हजारीबाग के द्वारा विद्यालय भवन निर्माण के आवंटित रुपया का निकासी कर लेने एवं भवन निर्माण पूरा नहीं करने( षड्यंत्र के तहत सरकारी राशि का गबन) के मामले में कांड अनुसंधान. कर्ता पु0अ0नि विकास कुमार के द्वारा गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## प्रेस क्लब हजारीबाग चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य के लिए नवनिर्वाचित

### युवा पत्रकार मो शमीम अहमद ने सभी मतदाताओं के प्रति जताया आभार

### नवनिर्वाचित 5 कार्यकारिणी सदस्यों में मो शमीम अहमद को मिले सबसे अधिक 195 मत

**अपेम लाइव : हजारीबाग**







हजारीबाग। प्रेस क्लब हजारीबाग चुनाव–2022 में बीते 23 जुलाई को जिले भर के पत्रकारों ने अपने मतों का प्रयोग कर नई कार्यसमिति का चुनाव कर लिया, जिसमें निर्वाचित 5 कार्यकारिणी सदस्यों में सबसे अधिक 195 मत युवा पत्रकार मो शमीम अहमद को प्राप्त हुए और वह चुने गए कार्यकारिणी सदस्यों में पहले पायदान पर रहे। श्री अहमद ने इसके लिए जिले के 16 प्रखंडों के सभी सम्मानित पत्रकारों व मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बतौर कार्यकारिणी सदस्य जो प्यार और आशीर्वाद जिले भर के पत्रकारों ने दिया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। साथ ही कहा कि जिस भरोसे और विश्वास के साथ मतदाताओं ने सबसे अधिक मत देकर विजयी बनाया है, निश्चित तौर पर उनके भरोसे और विश्वास को बरकरार रखना हमारी प्राथमिकता होगी। साथ ही पत्रकार हित की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। श्री अहमद के साथ जुड़कर काम कर रहे हजारीबाग व विभिन्न प्रखंडों के पत्रकार श्यामदेव मेहता, मो रियासत हसन, महेश कुमार, मो शहाबुद्दीन, मो शमशाद आलम, श्याम किशोर पांडेय, अनुज कुमार सिंह, रंजीत शर्मा, संदीप पांडेय व एहसान अंसारी ने भी श्री अहमद को 5 कार्यकारिणी सदस्यों में सर्वाधिक मत देकर विजयी बनाने के लिए जिले के सभी सम्मानित पत्रकारों व मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है और उनकी उम्मीदों पर कायम रहने का वचन भी दिया। बताते चलें कि प्रेस क्लब हजारीबाग चुनाव–2022 में कुल 346 पत्रकारों ने अपने मतों का प्रयोग किया, जिसमें बतौर अध्यक्ष उमेश प्रताप निर्वाचित किए गए। विभिन्न पदों के सभी 27 प्रत्याशियों के मुकाबले उन्हें सर्वाधिक 289 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष के लिए उमेश राणा (213 मत) व अभय सिंह (161 मत) निर्वाचित हुए। सचिव के रूप में मिथिलेश मिश्र निर्वाचित हुए, जिन्हें 182 मत प्राप्त हुए। संयुक्त सचिव के लिए देवनारायण प्रसाद व नवीन कुमार सिन्हा निर्वाचित हुए, जिन्हें क्रमशः 156 व 152 मत प्राप्त हुए। वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ पाठक निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिले भर से पत्रकारों, समाजसेवियों व विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों व अन्य ने प्रेस क्लब हजारीबाग के चुनाव में निर्वाचित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी है।

## जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव :कोडरमा**
**धीरज कुमार**



झुमरीतिलैया स्थित सीएच हाई स्कूल खेल मैदान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटब०ल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग से अंडर– 14/17 व बा. लिका वर्ग से अंडर–17 की छात्र–छात्राएं भाग लिए। सोमवार को प्रतियो. गिता के फाइनल में अंदर –17 बालक वर्ग में जयनगर प्रखंड बनाम कोडरमा प्रखंड के बीच खेला गया। निर्धारित 25–25 मिनट के खेल में दोनों टीमें उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और बराबरी पर रही। अंत में पेनाल्टी शूट आउट के जरिये जयनगर की टीम 3–2 से विजय प्राप्त कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज कोडरमा के गोलकीपर मिलन कुमार को व ऑफ द मैच जयनगर के विश्वास पांडेय को दिया गया। वहीं बालिका वर्ग में जयनगर बनाम चंदवारा प्रखंड के बीच खेल हुआ। जिसमें जयनगर की टीम 3–2 से विजय हासिल कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। मैन ऑफ द सीरीज चंदवारा की विनती कुमारी, मैन ऑफ द मैच जयनगर की निकिता कुमारी को दिया गया। वहीं अंडर 14 बालकों के मैच कोडरमा प्रखंड बनाम सतगावां के बीच खेला गया। जिसमें कोडरमा की टीम 4–0 से जीत दर्ज किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोडरमा टीम के अजित कुमार को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि उपायुक्त आदित्य रंजन व जयपाल सोय, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, जिला फुटब०ल एसोसिएशन के सचिव नवनीत ओझा, जिला फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरशद खान, समाजसेवी उमेश यादव, अरुण यादव, धीरज कुमार आदि ने विजेता व उपविजेता टीम को टॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। इन्हें सजाने–सवारने की आवश्यकता है। खेल को सफल बनाने में शिक्षक अजीत कुमार, संजय कुमार यादव, बिंदु प्रसाद, नूतन पांडेय, अर्चना सिंह, प्रतिमा कुमारी शर्मा, दिनेश सिंह, मोहम्मद हसनैन शिवम कुमार अशोक कुमार, रोहित कुमार रघु ने अहम भूमिका निभाई। निर्णायक की भूमिका मृत्युंजय कुमार, संतोष कुमार यादव, सोनू कुमार, श्रीकांत शर्मा, धीरज पांडेय, सुजीत कुमार, बबलू राणा, संतोष कुमार ने निभाई। संचालन राजेश्वर पांडेय ने किया।

## चलकुशा में आत्मा द्वारा कृषक गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा :– प्रखड अंतर्गत ग्राम–बाराडीह, पंचायत चलकुशा में आत्मा द्वारा कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया । किसान गोष्ठी आयोजित के मुख्य उद्देश्य अभी के वर्तमान खराब मौसम को देखते हुए संभावित सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। किसानों को जागरूक करना किया जा रहा है। ताकि किसानों को समस्या का सामना न करना पड़े। परियोजना निदेशक आत्मा हजारीबाग द्वारा किसानों को धान फसल के लिए विभिन्न सुखारोधी प्रभेद के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।यह सभी कम अवधि (95–100दिन) में तैयार होने वाली प्रभेद है। किसानों को मूंग, उरद,अरहर,कुलदीप, मक्का, सरगुजा तथा 15अगस्त तक मडुवा(रागी ) फसल लगाने की सलाह दी गई। किसानों को इंटरक्रॉपिंग पद्धति से खेती करने की सलाह दी गई। साथ ही प्राकृतिक ढंग से मल्चिंग लगाने,टपक सिंचाई प्रणाली इत्यादि पर भी विस्तृत चर्चा की गई।प्रप्रखंड कृषि पदा, शैलेश रंजन,प्रप्रखंड तकनीकि प्रबंधक राजेश कुमार द्वारा किसान गोष्ठी में उपस्थित किसानों को झबबफ्रॉम भरवाया गया,ब्लॉक चौन टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से किसानों का निबंधन किया गया एवं किसानों से रब्बी फसल का डिमांड लिया गया। किसानों को उद्यान से संबंधित जानकारी दी गई।साथ–ही–साथ झारखंड राज्य फसल राहत योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।इस गोष्ठी में विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह मुखिया आलोक सिंह सिंह द्वारा किया गया।इस किसान गोष्ठी में जनसेवक गणेश प्रजापति, ठ्वडकेदार , कृषक मित्र दिनेश्वर मालाकार, एवं कुल 61किसान उपस्थित थे।

## स्वर्गीय अजय दुबे को दी गई श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा. प्रखंड मुख्यालय के निकट पंचायत सचिवालय चलकुशा के निकट बरही के युवा पत्रकार अभय दुबे आक. स्मिक निधन पर पत्रकार संघ चलकुशा की ओर से शोक सभा का आयोजन किया गया।. युवा पत्रकार की मौत 23 जुलाई को हो गई थी. मृतक पत्रकार दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया तथा पत्रकार अजय दुबे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. शोक सभा में पत्रकार इजहार हुसैन, विक्रम सिंह, अशोक चौधरी, मुन्ना यादव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, समाजसेवी नईम अंसारी, अशोक दास, अब्दुल गफ्फार, मुस्लिम अंसारी, मुमताज अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## आजीविका महिला ग्राम संगठन कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा :–प्रखड के ग्राम चटकरी पंचायत सलैयडीह में आजीविका महिला ग्राम संगठन कार्यालय का उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव जिप सदस्य सविता सिंह मुखिया सुखदेव यादव विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह ने विधिवत नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुभारंभ बरकट्ठा विधायक जिप सदस्य एवं मुखिया विधायक प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन आई पी आर पी उषा देवी ने किया। इस दौरान संगठन महिलाओं द्वारा सभी मुख्य अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। बरकट्ठा विधायक और जिप सदस्य ने कहां की ग्राम संगठन की महिलाओं को हर क्षेत्र में बढ़–चढ़कर भागीदारी लेने को कहा एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया संगठन को चलाने के लिए आपस में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का महिला संगठन चलने से महिलाओं में जागरूकता आती है और आत्म निर्भर बनती हैं। इस मौके पर आई पी आर पी वीरसी देवी बीबीएम केदार प्रजा. पति इसी सुरेश कुमारभूत पूर्व मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव उप मुखिया चंपा देवी संगठन अध्यक्ष गीता देवी उर्मिला देवी पूजा देवी नीलम देवी सचिव चंपा देवीकोषा अध्यक्ष मालती देवी बाल गोविंद यादव थानु यादव अजीत यादव लक्ष्मण यादव एवं काफी संख्या में ग्रामीण महिला उपस्थित थे।

APEM
LIVE

मो0 समसुल
वायरिंग, पलम्बर, मोटर फीटिंग एवं रिपेयरिंग के लिए संपर्क करे।
संपर्क सं0–8825280049



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## स्लग-गिरिडीह केन्द्रीय कारा जेलर पर गोली चलाने वाले अपराधी गिरफ्तार

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




खबर20जुलाई को गिरिडीह केन्द्रीय कारा के प्रभारी कारापाल प्रमोद कुमार पर तीन राउंड गोली चलाकर जानलेवा हमला कर दो अज्ञात अपराधी फरार हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एसआईटी गठित कर कांड का त्वरित अनुसंधान करते हुए गोली कांड का खुलासा किया। कांड में संलिप्त एक अपराधी आशीष कुमार साह पिता स्वर्गीय प्रकाश साह घर मार्गोमुंडा जिला देवघर की गिरफ़्तारी, घटना में प्रयुक्त हीरो एक्सट्रीम बाइक, देशी पिस्टल, सैमसंग मोबाइल फोन बरामद किया गया। आज उक्त घटना का उद्‌भेदान को लेकर गिरिडीह एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रेस कoन्फ्रेंस के दौरान सारी बातें मीडिया से मुखातिब होते हुए कही। उन्होने घटना को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि 20जुलाई को करीब 1.15बजे केन्द्रीय कारा गिरिडीह के प्रभारी कारापाल प्रमोद कुमार सरकारी कार्य से गिरिडीह न्यायालय अपने सरकारी वाहन संख्या जेएच 01एस 2138से जा रहें थे। उसी दौरान गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत डांडीडीह (हरसिंहरायडीह) के पास अज्ञात दो अपराधकर्मियों के द्वारा उनके गाड़ी पर तीन राउंड गोलियां चलाया था। जिसके सम्बन्ध में प्रभारी कारापाल प्रमोद कुमार के द्वारा दिए गए टंकित आवेदन के आधार पर मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 188/22धारा189/307/353/506/34आईपीसी और 25(1बी)/आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। उक्त कांड का त्वरित अनुसंधान, गिरफ़्तारी एवं उद्‌भेदन हेतु विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा कांड का त्वरित अनुसंधान करते हुए ना केवल कांड का खुलासा किया गया बल्कि इसमें संलिप्त अपराधकर्मी आशीष कुमार साह पिता स्वर्गीय प्रकाश साह साकिनमार्गोमुंडा , थानामार्गोमुंडा जिलादेवघर की गिरफ्तारी घटना में प्रयुक्त बाइक हीरो एक्सट्रीम, देशी पिस्टल, देशी पिस्टल का मैगजीन दो पीस, पिस्टल का गोली (7.65)एक पीस, सैमसंग का छोटा मोबाइल बरामद किया गया। आशीष कुमार साह उम्र करीब 25वर्ष को 20/07/2022को रात्रि करीब 09बजे उदानाबाद पुल के पास से थाना मुफ्फसिल जिला-गिरिडीह से गिरफतार किया गया था। आशीष कुमार साह का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। कांड में संलिप्त एक और अपराधी की पहचान हो चुकी है गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी अभियान जारी है।

## जिला परिषद सदस्या प्रभा वर्मा ने चार सूत्री मांग पत्र सौंपा जिला परिषद अध्यक्ष को

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला परिषद कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जमुआ भाग संख्या 13जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने चार सूत्री मांग पत्र जिला परिषद् अध्यक्ष मुनिया देवी को सौंपा। जिला परिषद सदस्य प्रभा वर्मा ने सोमवार को आयोजित जिला परिषद की बैठक में अपने क्षेत्र की समस्या के साथ-साथ जिला से जुड़े कई समस्याओं को बैठक में रखी । बैठक के दौरान उन्होने कहा कि जिला परिषद सदस्यों के लिए जिले के सभी प्रखंडों में जिला परिषद सदस्य को बैठने के लिए कार्यालय कक्ष बनाया जाए इसके साथ ही उन्होंने प्रखंड मुख्यालय में आयोजित होने वाले बैठक का आमसभा में विभागीय सूचना उपलब्ध कराने की भी मांग रखी। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि जिला परिषद क्षेत्र में योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्‌घाटन में जिला परिषद को सूचना उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही संबंधित क्षेत्र के योजना शिलान्यास के शिलापट्ट में जिला परिषद सदस्य का नाम का भी उल्लेख हो।

## गिरिडीह विधानसभा के हरेक बूथ पर होगा माले का ब्रांच

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज भाकपा माले गिरिडीह जिला सचिव की अगुवाई में परसाटांड़ पंचायत के हरिचक में पार्टी के अगुवा साथियो की एक बैठक हुई,जिसमें माले नेता राजेश यादव मुख्य रुप से उप. स्थित थे,जबकि बैठक का संचालन जिला कमिटी सदस्य प्रीति भाष्कर कर रही थी। सचिव पुरण महतो ने कहा कि हरेक बूथ पर ब्रांच हो, जो नए पुराने मेंबर है, उनको पार्टी के बारे में विस्तार से बताया जाए और एक एक इलाके में माले को मजबूत किया जाए। यही राज्य कमिटी सदस्य ने कहा कि माले के संस्थापक शहीद कॉमरेड चारु मजूमदार की शहादत दिवस 28 जुलाई है इसको बड़े पैमाने में मनाएंगे,माले के विचारों को फैलाएंगे,उस दिन नए पुराने मेंबर शपथ लेंगे कि माले के विचार घर घर कैसे पहुँचे विचार किया जाएगा। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर बात की गई विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा व जिला कमिटी सदस्य प्रीति भास्कर नें जिला सचिव को बताया कि शहरी और मुफ़्फ़सील क्षेत्रो के अलावे पीरटांड़ में भी अपने अच्छे कर्मो से तेजी से पैर पसार रहा है माले, संगठन में मेंबर तेजी से बढ़ रहे है लगभग 30 जगहों पर ब्रांच के लिए तैयारी हो गई है एक महीने के अंदर लगभग 50 ब्रांच की संभावना है,श्री सिन्हा ने कहा कि फैक्टरी क्षेत्रो में खेत,नदी,तालाब कुँवा बर्बाद हुए है इनके दोषियों को ग्रामीणों के द्वारा आंदोलन के जरिये उस एरिया का डभलप का डिमांड करेंगे, दोनो सरकार इस मामले में पॉकेट में हाथ रख के शांत चित्त मुद्रा में है,माले बर्दास्त नहीं करेगा,माले लगभग 400 बूथ में ब्रांच बनाएगा और राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा जनता के प्रति उदासीनता के बारे जनता को जागरूक करेगा। बैठक में सिर्फ अगुवा साथी को बुलाया गया था। कार्यक्रम में सनातन साहुँ,सोनु रवानी,नाशीर शेख,रंजीत यादव,निशान्त भाष्कर,मो इफ्तिखार, एकलब्य उजाला,असगर अली,मनोज कुमार सिन्हा, राजकिशोर ,मो शमीम, इकराम अंसारी, माली,राजू सिंह,मो नॉसाद,अमर प्रेम सहाय,सोनू राम, आफताब, मज़बूल मालिक आदि दर्जनों अगुवा साथी मौजुद थे,कुछ मेंबर का नए मेंबर का फoर्म जमा नहीं हुआ है जिनका 28 तक जमा करना है।

## विष्णुगढ़ में विद्युत महोत्सव का आयोजन,

### -विद्युत उर्जा के क्षेत्र में भारत है आत्मनिर्भर: जेपी पटेल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में विद्युत महोत्सव का दीप जलाकर उद्‌घाटन करते विधायक समेत अन्य

आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर झारखण्ड सरकार के सहयोग से विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सोमवार को विष्णुगढ़ इंटर कoलेज सभागार में विद्युत महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्‌घाटन बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, डीवीसी के निदेशक सह परियोजना प्रमुख व स्टेट नोडल अoफिसर संजय कुमार, उपमुख्य अभियंता डीवीसी रामस्नेह शर्मा, जिला नोडल पदाधिकारी सह वरीय प्रमंडलीय अभियंता शंभु कुमार वर्णवाल, रीना बर्मन, अंजू देवी आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। विधायक ने कहा कि भारत आज उर्जा के क्षेत्र में नित नई उंचाईयों को छू रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार के समन्वय से उर्जा क्षेत्र में कई काम हो भी चुके हैं और कई काम हो भी रहे हैं। पहले गांवों में बिजली का बहुत अभाव रहता था। अब लगभग सभी गांव विद्युत उर्जा से आच्छादित हैं। इसके लिए सरकार द्वारा ग्राम ज्योति योजना एवं सौभाग्य योजना को लांच कर विद्‌युत उपभोक्ताओं तक पहुंचाया गया। कहा कि वर्ष 2014 में देश में बिजली उत्पादन 2,48,554 मेगावाट थी जो अब बढ़कर 4 लाख मेगावाट हो गई है। यह हमारी मांग से 1 लाख 85 हजार मेगावाट अधिक है। अब बदलते भारत में हम बिजली का निर्यात कर रहे हैं। पूरे देश मे 1 लाख 63 हजार सर्किट किलोमीटर पारेषण लाइनें जोड़ी गई, जिससे हम 1 लाख 12 हजार मेगावाट बिजली देश के एक कोने से दूसरे कोने तक आसानी से पहुंचा सकते हैं। 3926 सबस्टेशन बनाए गए हैं। मौके पर नुक्कड़ नाटक के द्वारा बिजली बचाने के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। मंच संचालन गुरू प्रसाद साव ने किया। मौके पर हरेन सरकार, विनोद बिहारी, सुरेंद्र रजक, स्वपन भद्र, संदीप पाल, जेवीएनएल कार्यपालक अभियंता महादेव मुर्मू, कनीय अभियंता कुन्नूराम मुर्मू, सीओ रामबालक कुमार, किशोर कुमार मंडल, महादेव मंडल, विधायक प्रतिनिधि रीना बर्मन, गुरु प्रसाद साव, मुखिया निर्मल कुमार, हिरामन महतो, प्यारी राम, जीवन सोनी, संजय कुमार महतो, अंजू देवी, दीपक कुमार रजक, चेतलाल महतो, सुखदेव मंडल, महेंद्र कुमार महतो, सुरेश राम, गुलाब शंकर महतो समेत कई लोग मौजूद थे।






दिनांक: 25-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## जेपी हाउस को पराजित कर सुभाष हाउस बना विजेता

### सुरेखा स्कूल में बालिकाओं के बीच बास्केटबॉल प्रतियोगिता का हुवा आयोजन

**अपेम लाइव: चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : नवभारत जागृति केन्द्र द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में बालिक. ाओं के बीच बास्केटब०ल प्रतियोगिता का आयोजन हुवा। फाइनल मैच से पहले चारो हाउस गाँधी, टैगोर सुभाष और जे. पी. के बीच हीट्स मुकाबला का आयोजन हुआ। प्रथम हिट्स का मुकाबला टैगोर एवं सुभाष हाउस के बीच खेला गया जिसमें सुभाष हाउस की छात्रा 4 . 2 अंक प्राप्त कर फाईनल में प्रवेश की । वही दुसरा हिट्स गाँधी श्एवं जे.पी. के बीच खेला गया जिसमें जे. पी. हाउस 6.2 अंक प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश कर गई। फाइनल मुकाबला सुभाष एवं जे. पी. हाउस के बीच खेला गया जिसमें जे. पी हाउस को सुभाष हाउस 4.2 अंक से परा. जित कर फाइनल खिताब जीत लिया। वहीं जे.पी. हाउस के सृष्टि सिंह को प्लेयर ऑफ द टुर्नामेंट घोषित किया गया। फाइनल मैच का उद्घाटन प्राचार्या रीना पाण्डेय ने टॉस के साथ प्रारम्भ की। खेल शिक्षक, राकेश रंजन, उमेश लाल भगत एवं संतोष चौरसिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। तीनो मैच रेफ्री का निर्णय काफी सराहनीय रहा। कहीं भी कोई पक्षपात नहीं हुआ। फरहत जहाँ एवं पूर्णिमा सिंह, श्वेता यादव एवं लता कुमारी चारों हाउस की टीम कोच की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्या रीना पाण्डेय ने चारों हाउस के खिलाड़ी को होसला बढ़ाते हुए कहा कि सभी टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन सुभाष हाउस की खिलाड़ियो ने बेहतर प्रदर्शन के बल पर जीत हाशिल किया। प्राचार्या ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरुस्कृत किया। खेल शिक्षक ने बताया कि विजेता टीम हजारीबाग स्थित डीएवी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

## पूर्व विधायक रामलखन सिंह ने थाना में दिया आवेदन, कार्यवाई का किया माँग कहा

### राशि का बंदरबाँट कर अधिकारियों व ठीकेदार ने बक्सा नहर को बर्बाद कर दिया


**अपेम लाइव: चौपारण**
**किशोर राणा**



बरही के पूर्व विधायक रामलखन सिंह ने बकसा नहर निर्माण में गड़बड़ियों को लेकर चौपारण थाना में लिखित आवेदन देकर सम्बंधित पदाधिकारी व संवेदक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाई की मांग किया है। चौपारण थाना प्रभारी को दिए आवेदन में पूर्व विधायक ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर ठीकेदार व अधिकारियो के मिलीभगत से नहर को बर्बाद कर दिया गया है। कहा डैम से पानी निकालने वाले स्थान पर शिल्ट भरा हुआ है। फाटक ठीक से नहीं लगा है। पानी नदी, नालों में बह जाता है। मेन नहर से मन्दादन तथा शाखा नहर से चौथी तक पानी जाना है। लेकिन इन लोगों के लापरवाही के चलते अन्तिम छोर तक पानी नहीं पहुँच पाता है। कहा भयंकर सूखा है 1966-67 से भी खराब हालत है। नहर विभाग के कार्यपालक अभियन्ता सुबोध कुमार, एसडीओ तरुण कुमार, ठीकेदार जीतेन्द्र पाण्डेय को हजारों बार फोन से बातें किया हूँ पर हरबार समय देकर नहीं आये न फाटक ठीक किये हैं। गत वर्ष छत. रपुरा का धान खेत से घर नहीं आया और गेहूँ पानी के चलते लगाया नहीं जा सका। इस बार पानी नहीं मिल रहा है। फाटक ठीक नहीं रहने से पानी नदी तथा नालों में बह रहा है। कहा राशि क बंदरबाँट करने के आरोप में उक्त लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाई किया जाए। इधर संवेदक से संपर्क करने का कोशिश किया गया लेकिन संपर्क नही हो पाया।

## बिजली चोरी के मामले में राजपुर थाना में दस लोगो पर मुकदमा दर्ज

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी प्रखण्ड में बिजली चोरी के मामले में बिजली विभाग के कनीय अभियंता अशोक कुमार ने दस लोगो पर बिजली चोरी कर जलाने के मामले में राजपुर थाना में मामला दर्ज किया है।श्री कुमार ने कहा कि बिजली चोरी के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा।तथा उन्होंने कहा कि जिनका ज्यादा दिनों से बिजली बिल बकाया है वो जल्द बिल जमा करें नहीं तो उनका कनेक्शन काट कर बिल उगाही के लिए मुक. दमा भी दर्ज किए जाएंगे।जिन लोगों पर मुक. दमा दर्ज किया गया है उनमें तेलिया नवाडीह के मो.कमरुद्दीन मियां,पर तीन हजार,मो.रजिया मियां पर तीन हजार,मो.हदीस मियां पर तीन हजार, मो. रियासत पर तीन हजार,विनय तिवारी पर तीन हजार,कैंडीनगर के परमानंद प्रजापत्ति पर तीन हजार,जागेश्वर प्रजापत्ति पर तीन हजार,युगल राणा पर तीन हजार,एवं पांडेडीह ब्लॉक के सामने प्रभु दाँगी पर दस हजार पांच सौ तथा रंजन कुमार पर दस हजार पांच सौ का जुर्माना लगाया है।जे ई अशोक कुमार ने कहा कि 26 एवं 27 तारिक को जिन्हें बिल जमा करना हो वो प्रत्येक महिने की भांति थाना के समीप आकर अपना बिजली बिल जमा कर लेंगे।मौके पर बिजली विभाग के अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

APEM
LIVE

## स्वर्णकार समाज के प्रदीप वर्मा अध्यक्ष एवं दुर्गा सोनी सचिव चुने गए

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



मौके पर उपस्थित नए अध्यक्ष प्रदीप परमाणु एवं अन्य

बड़कागांव नटराज नगर महेश सोनी के घर पर स्वर्णकार समाज बड़कागांव की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता भीखा साव के द्वारा किया गया। बैठक में प्रदीप वर्मा को स्वर्णकार समाज के सर्वसम्मति से समाज का अध्यक्ष चुना गया वही दुर्गा सोनी को सचिव, उपसचिव अरविंद कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष कौलेश्वर साव, डॉक्टर सूरज सोनी, कोषाध्यक्ष महेश सोनी, उप कोषाध्यक्ष सुबोध सोनी, निगरानी समिति पप्पू सोनी ,संतोष सोनी, राजेश सोनी, बजन साव, बलदेव सोनी, हरि सोनी, अमित सोनी ,बसंत सोनी, सुधीर सोनी, छड़ीदार भुनेश्वर सोनी को चुना गया। अध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने कहा कि समाज के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ुंगा। शराब उन्मूलन एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## बड़कागांव में जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के नाम पर पोस्टर चिपकाने के आरोप में पुलिस ने 8 लोगों को भेजा जेल

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड में 20 जुलाई को उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के रीजनल कमांडर अभिजीत जी एवं उसके सक्रिय सदस्यों के द्वारा ग्राम जुगरा, चेपाकला, आराहरा, लंगातु, चंदन. टीलहा एवं बड़कागांव क्षेत्र तथा उरीमारी क्षेत्र में जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का धमकी भरा पोस्टर कंपनी और ठेकेदारों के खिलाफ चिपकाया गया था उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया है। प्रेस विज्ञप्ति में आगे बताया गया कि पोस्टर में नव जनवादी जिंदाबाद, दीर्घक. ालीन लोकायुद्ध जिंदाबाद, झारखंड जनमुक्ति परिषद झारखंड पत्रांक 1,2,3,4 लाल एवं काले रंग से ठे. केदारों को काम चालू करने से पहले जेजे एमपी संगठन से बात करके काम चालू करें जैसे धमकी भरा शब्द लिखा हुआ था। मामला को लेकर बड़कागांव डाडीकला ओपी थाना कांड संख्या 191/22 धारा 385/387/120 बी एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत जेजेएमपी के सरगना अभि. जीत जी एवं अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य रोहित कुमार उर्फ रोहित तूरी एवं उनके सदस्यों द्वारा बड़कागांव, डाडीकला और उरीमारी ओपी में कंपनी तथा ठे. केदारों में दहशत पैदा करने हेतु धमकी भरा पोस्टर चिपकाया गया था। इस सं. बंध में बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की एवं डाडीकला ओपी प्रभारी मणिलाल सिंह, अन्य पदाधिकारियों व सशस्त्र बल के संयुक्त टीम गठित कर रोहित तूरी एवं उनके सदस्य रवि रंजन पुंडी ( 27 ) दीपूगड़ा मरियम टोली थाना कोर्सा, सोनू कुमार (21) जुगरा, गांगो कुमार( 21) जुगरा, गणेश पासवान (37) बड़कागांव मुस्लिम मोहल्ला, अनुज कुमार (27) बड़कागांव , सुनील कुमार (22) जुगरा, पप्पू राम (23) बादम सभी थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग का निवासी है। सभी को गिरफ्तार कर पूछ. ताछ किया गया,तो बताया गया कि जेजेएमपी के कमांडर अभिजीत जी के आदेशानुसार रोहित तूरी को बड़कागांव थाना क्षेत्र, डाडीकला, उरीमारी कंपनी एवं ठेकेदारों के अंदर दहशत पैदा करने के लिए जिम्मा दिया गया था। इनके द्वारा उपरोक्त साथियों के माध्यम से पोस्टर चिपकाया गया तथा क्षेत्र में दहशत फैलाया गया। पोस्टर चिपकाने के लिए प्रयोग किया गया 2 मोटरसाइकिल एवं लगभग 8 मोबाइल पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी के दौरान जप्त किए गए हैं। वहीं, सुनील कुमार के पास से जेजेएमपी संगठन के पोस्टर चिपकाने के बाद शेष बचे पोस्टर भी बरामद किए गए हैं। बड़कागांव पुलिस के द्वारा सोमवार को सभी आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## शिक्षक की लापरवाही से छात्रों का भविष्य अंधकारमय

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**




डोमचांच क्षेत्र अन्तर्गत नव प्राथमिक विद्यालय कुशहना ढोढाकोला में शिक्षक पद पर कार्यरत प्रमोद कुमार की घोर लापरवाही के कारण विद्यालय में पढ़ने वाले नामांकित 94 बच्चों का भविष्य हो रहा अंधक. ारमय। मामला प्रकाश में तब आया जब सोमवार को पंचायत की मुखिया सीता देवी विद्यालय के प्रबंधन समिति अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ विद्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुँचे तो पाया की विद्यालय का प्रभारी शिक्षक प्रमोद कुमार विद्यालय के पठन पाठन समय में बिना सूचना दिये दिन 11 बजे से गायब है। ग्रामीण बोले यह कोई नई बात नही अक्सर वे विद्यालय के रजिस्टर में हाजरी बनाकर गायब हो जाते है। वही विद्यालय में बच्चों को मात्र एक शिक्षक पढ़ा रहे थे। विद्यालय में पढ़ने वाले क्लास 4 एवं 5 तक के बच्चों को अपने विद्यालय और शिक्षक का नाम भी नही पता उन्हे गणित का जोड़ तक सही से नही आता है। राज्य जिला एवं देश के प्रधानमंत्री झारखंड के मुख्यमंत्री शिक्षामंत्री का नाम भी बताने में असफल रहे। अब तक विद्यालय में प्रति पूर्ति का राशि वितरण नही हुआ है। रसोइया आज भी लकड़ी जलाकर बच्चों का मध्यान भोजन तैयार किया करती है। किचन रुम में गैस का खाली टंकी बेकार पड़ा हुआ है। बच्चों के शौचालय गेट के आगे झाड़ियां निकल आयी है। काफी लंबे समय से शौचालय का उपयोग बाधित है। बच्चे खुले मे शौच जाया करते है। मामला यह भी प्रकाश मे आया की शिक्षक प्रमोद कुमार जब विद्यालय मे कभी हुआ करते है तो वे खूब प्रतिबंधित गुटका पान मसाला का प्रयोग बच्चों से मंगवाकर किया करते है। मामले को लेकर पंचायत की मुखिया सीता देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने मिलकर कोडरमा जिला उपायुक्त आदित्य रंजन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर दोषी शिक्षक पर करवाई करने की माँग किया है। आवेदन मे विनोद सिंह गुड़िया देवी दिनेश कुमार सिंह पंकज सिंह धर्मवीर सिंह भूलन सिंह गणिता देवी पार्वती देवी प्रमिला देवी विरेंद्र सिंह मोहन तूरी आरती देवी देवंती देवी गुड़िया देवी धनेश्वर सिंह के अलावे कई अन्य ग्रामीण लोगों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सीबीएसई की दसवीं एवम द्वादश का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**




सीबीएसई की ओर से दसवीं एवं द्वादश का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का द्वादश विज्ञान एवं वाणिज्य तथा दशम का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में 114 वाणिज्य में 27 एवं दसवीं की परीक्षा में 250 भैया-बहनों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की।विज्ञान में बहन आकांक्षा रानी 94.4, वाणिज्य में रेशम कुमारी 91.4 एवं दसवीं में रौनक कुमार 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय ट०पर रहे।

प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने परीक्षा परिणाम पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि यह शिक्षकों का कुशल मार्गदर्शन और बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। मौके पर बच्चों को विद्यालय में मिठाई खिलाकर उनके हौसले को बढ़ाया गया।कहा कि विद्यालय द्वारा प्रदत संस्कार को भैया-बहन अपने-अपने क्षेत्रों में बनाए रखेंगे ऐसी अपेक्षा है।विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति एवं विद्यालय परिवार बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है।

## 31 जुलाई तक नही हुआ एमडीएम की राशि का वितरण तो होगा आमरण अनशन - असित रंजन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : बच्चों के बीच एमडीएम राशि वितरण में अनियमितता बरतने की बात आजकल अक्सर लोगों की जुबान पर है। इसी बीच पिहरा पूर्वी पंचायत निवासी असित रंजन उर्फ पप्पू यादव ने सोमवार को सीआरपी को आवेदन देकर पिहरा पूर्वी के विद्यालयों में सचिवों के मनमानी से एमडीएम के पैसे नहीं वितरण करने का आरोप लगाया है। उक्त संबंध में उन्होंने बताया कि पंचायत के कई विद्यालयों में अभी तक एमडीएम का पैसे का वितरण नही हुआ है जो घोटाले का संकेत देता है। साथ ही अगर किसी किसी विद्यालय में वितरण किया भी गया है तो भारी अनियमितता देखी गयी है। उन्होंने आवेदन में आगामी 31 जुलाई तक सभी बच्चो के बीच एमडीएम के पैसे वितरण करने का अपील किया है। उन्होंने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विद्यालयों में 31 जुलाई तक पैसे का वितरण नही हुआ तो आगामी 01 अगस्त से वह सीआरपी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगे।

## राष्ट्रीय यादव सेना की हुई बैठक

### बैठक में प्रदेश अध्यक्ष शोभा देवी ने की शिरकत

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी ;- सोमवार को राष्ट्रीय यादव सेना की बैठक प्रखण्ड के शायल बगीचे में सम्पन्न हुआ।जिसमें राष्ट्रीय यादव सेना के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शोभा यादव जी का आगमन हुआ। इस बैठक में कान्हाचट्टी प्रखंड में वर्तमान राष्ट्रीय यादव सेना के प्रखंड अध्यक्ष सीताराम यादव पंचायत मदगडा व पुर्व राष्ट्रीय यादव सेना अध्यक्ष सह राष्ट्रीय यादव सेना मीडिया प्रभारी रामबिलाश कुमार यादव व कान्हाचट्टी प्रखंड के राष्ट्रीय यादव सेना प्रखंड सचिव प्रेम कुमार यादव साथ ही साथ यादव समाज के कट्टर युवा वा समाजसेवी मौजूद रहें,समाज के उत्थान वा समाज के हर एक ग़रीब ब्याक्ति को आगे पैदान पर ले जाने पर विशेष चर्चा किया गया, समाज में जिस प्रकार से लोगों को पिछे रखा जाता है,उन एक-एक ब्यक्ति को अपने अधिकार को पाने के लिए हर एक विचार पर फोकश रखा गया, साथ ही साथ आने वाले समय में कान्हाचट्टी प्रखंड में राष्ट्रीय यादव सेना का विशाल बैठक रखा जायेगा, जिसमें राष्ट्रीय यादव सेना जिला अध्यक्ष वा सभी प्रखंड अध्यक्ष वा सभी पंचायत समिति मौजूद रहेगें। साथ ही साथ समाज के सभी समाजसेवी भी उपस्थित होगें इस मौके पर सीताराम यादव,रामबिलाश कुमार यादव, प्रेम यादव, योगेन्द्र यादव,लक्ष्मी यादव राजु यादव, गुरुदेव यादव, अमेरिका यादव,शंकर यादव आदि मौजूद थे।

## बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा सावन के दुसरी सोमवार को 71 लीटर दूध,बेलपत्र का किया गया वितरण

### भगवान भोले नाथ की कृपया सभी पर बनी रहे। चंद्रप्रकाश जैन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हजारीबाग शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा सावन महीने के दुसरी सोमवारी के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच 71 लीटर दूध का वितरण किया गया। एवं बेलपत्र का भी वितरण किया गया। श्रद्धालुओं के बीच बाबा का जयकारा लगता रहा । सभी श्रद्धालुगण बम बम भोले, नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयकारों के बीच दूध बेलपत्र एवं प्राप्त कर रहे थे। वहीं तमाम श्रद्धालुगण पूजा अर्चना के बाद अपनी विभिन्न प्रकार की तस्वीरें खींचने में अति उत्साहित नजर आ रहे थे। वही मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के महासचिव चंद्रप्रकाश जैन ने सावन की दूसरी सोमवारी की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा सभी पर बनी रहे। हमारी टीम सामाजिक कार्य के साथ-साथ धार्मिक कार्यो में भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करती है। वही उपाध्यक्ष संजय कुमार डिश ने कहा कि हमारी टीम के द्वारा 71 लीटर दूध श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया है साथ ही श्रद्धालुओं को बेलपत्र दिया गया। सभी श्रद्धालु गण उत्साह से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर रहे थे। मौके पर महासचिव चंद्रप्रकाश जैन,डॉ वेंकटेश, संजय डिश,रितेश खण्डेलवाल ,विकास केशरी, अतिशय जैन,संजय शरण, सहित कई लोगो मौजूद थे।

## शिव मंदिर व सांस्कृतिक भवन निर्माण को लेकर नाई समाज का बैठक, कमिटी गठन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जीटी रोड जोकट स्थित जन नायक कर्पूरी भवन में राष्ट्रीय नाई महासभा इकाई चयप्रगना का बैठक हुआ। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी ठाकुर ने व संचालन ब्रजकिशोर ठाकुर उर्फ बिरजु ने किया। बैठक में जन नायक भवन परिसर में हो रहे शिव मंदिर निर्माण कार्य को गति देने एवं समाज से सहयोग राशि जमा करने की अपील किया गया। वहीं सांसद मद से अनुषणशीत सांस्कृतिक भवन निर्माण को लेकर पांच सदस्य कमिटी का गठन किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से बिरजु ठाकुर, नन्दकिशोर ठाकुर, बैनाथ ठाकुर, भरत शर्मा एवं अशोक ठाकुर को भवन निर्माण कार्य देखरेख व कार्य गति की जिम्मेवारी दिया गया है। भवन का निर्माण कार्य विभागीय स्तर से होना है। बैठक में राष्ट्रीय नाई महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया छोटन ठाकुर, प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, अजय ठाकुर,प्रो महेंद्र ठाकुर,धनेश्वर ठाकुर, कैलास ठाकुर, सीताराम ठाकुर, सुबोध ठाकुर, साधु जी,राजेन्द्र ठाकुर,केदार ठाकुर, गणेश ठाकुर, छोटी ठाकुर, बांटी ठाकुर सहित कई लोग शामिल थे.

## नापोखुर्द पैक्स में नयें सदस्यता नही जोडने से ग्रामीण नाराज

### 500 आवेदन मे 200 जोड़ा गया, 300 का स्कूटनी जारी है : पैक्स अध्यक्ष

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बडकागांव : प्रखंड के नापोखुर्द पंचायत में शनिवार को पैक्स कर्यालय नापोकलां पैक्स में नये सदस्य बनाने हेतु ग्रामीण आवेदन लेकर आयें कर्यालय बंद मिला इसे लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की।वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए पैक्स अध्यक्ष विक्रम निशांत से पुछे जाने पर उन्होंने कहा है कि सोमवार को ग्रामिणों से लगभग 500 आवेदन जमा हुआ है, तथा 200 लोगों को पैक्स में नयें सदस्यता के रूप में जोड दिया गया है। बाकी 300 आवेदन की स्कूटनी जारी है। मौके पर मुख्य रूप से पसंस गणेश साव, उपमुखिया सबिता देवी, वार्ड सदस्य हिरालाल साव, विकाश कुमार,पियासो देवी,दिपक कुमार, रोशन कुमार, हीरालाल साव, तेतरी देवी,अनील ठाकुर, हेमराज कुमार,चेतलाल साव, देवनाथ साव के अलावा कई लोग उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ गिरिडीह इकाई का बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



झारखंड राज्य जनसेवक संघ जिला शाखा गिरिडीह सामान्य परिषद की बैठक जिला अध्यक्ष भरत मांझी की अध्यक्षता में रविवार दिनांक 24 जुलाई 2022 को किरण पब्लिक स्कूल कोलडीहा परिसर में संपन्न हुआ। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि अशोक कुमार सिंह राष्ट्रीय संगठन सचिव एनओसी जीसी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में यह विडंबना है कि कृषि कार्य में जन सेवकों को नहीं लगा कर अन्य कार्यों में व्यस्त कर दिया गया है। एक और सरकार कहती है कि हम राज्य में कृषि का विकास करेंगे, यह झूठी घोषणा है। आवश्यकता इस बात की है कि जन सेवकों को पूर्ण प्रशिक्षित कर किसानों के साथ सहयोग के लिए संलग्न करना चाहिए। पुरानी पेंशन योजना के नाम पर प्रचार ज्यादा और काम कम हो रहा है। जबकि राजस्थान छत्तीसगढ़ के तर्ज पर एक घंटे के अंदर अधिसूचना जारी किया जा सकता था । झारखंड राज्य में आउटसोर्सिंग एनजीओ के नाम पर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। राज्य में प्रखंड कृषि पदा. धिकारी का पद रिक्त है लेकिन जन सेवकों को गोदाम प्रबंधक प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी पंचायत सचिव के पद पर प्रभार में काम लिया जाता है। यह खेद का विषय है। बैठक को प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार सिंह नयन ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में महासंघ को मजबूत करने की आवश्यकता है। 11 अक. टूबर को 25 सूत्री मांगों को लेकर राज्य में सभी जिला स्तर पर धरना और 7 नवंबर को मुख्यमंत्री के समक्ष आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन को सफल करने का आह्वान किया। आज के बैठक में रघुनंदन प्रसाद विश्वकर्मा ,रामाश्रय प्रसाद सिंह रूपलाल महतो , लखन लाल पंडित , अनूप कुमार , गुप्तेश्वर प्रसाद , बबलू चौधरी, सुजीत कुमार , सुशील कुमार आनंद शाहिद अख्तर रेनू यादव पूजा कुमारी सीमा कुमारी प्रभात पवन अनिल गोस्वामी सतीश मुर्मू नंद किशोर पंडित राम कुमार गुप्ता राजेश कुमार संतोष कुमार नित्यानंद चौधरी अनिल कुमार आदिउपस्थित थे। सर्वसम्मति से जन सेवकों को कृषि कार्य को छोड़कर अन्य कार्यों में नहीं लगाने जन सेवकों को पंचायत सचिव का जबरन प्रभार देने प्रखंड कृषि पदाधिकारी के रिक्त पद के 50: पर प्रोन्नति प्रदान करने प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पद पर कार्यरत जन सेवकों को 20: वेतन का प्रतिनियुक्ति प्रदान करने प्रखंडों में कार्यरत महिला जन सेवकों को शाम 5:00 बजे के बाद काम नहीं लेने एवं उनके लिए क०मन फैसिलिटी उपलब्ध कराने, जन सेवकों का जिला स्तरीय वरीयता सूची प्रका. शित करने आदि मांगों पर प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रशिक्षित जन सेवकों को जल्द से जल्द प्रशिक्षण की व्यवस्था कर प्रोन्नति दी जाए ।यदि उपरोक्त मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया गया तो संघ की ओर से संघर्ष करने का निर्णय लिया जाएगा ।

## झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक परिसदन भवन में संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



रविवार 24जुलाई 2022को झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन गिरिडीह इकाई की बैठक न्यू परिसदन भवन गिरिडीह में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी जावेद इस्लाम ने की। बैठक की शुरुआत एक दूसरे से परिचय देकर की गई। बैठक को संबो. धित करते हुए झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन गिरिडीह जिला प्रभारी जावेद इस्लाम ने कहा कि पत्रकारों के हित के लिए यह संगठन लगातार कार्य कर रही है। जिले में संगठन के सदस्यों की समस्याओं को भी उठाने का काम समय–समय पर करती है उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि पत्रकार सुरक्षा कानून झारखंड में सरकार शीघ्र लागू करें इसके साथ ही उन्होंने सरकार से पत्रकारों के लिए सीसीएल की भूमि पर पत्रकार नगर बसाने की भी मांग की। इसके अलावा उन्होंने सरकार से पत्रकारों को इंश्योरेंस का लाभ भी देने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा किसंघठन में अधिक से अधिक पत्रकार साथियों को जोड़ कर जिला में संगठन मजबूत किया जाएगा ।बैठक में संगठन से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार अभय कुमार ,संजीव बोस, बीके यादव ,संजय लाल ,राजू शर्मा, इरशाद आलम ,बजरंगी महतो , देवानंद कुमार ,उमेश शर्मा इमरान आलम समेत दर्जनाधिक पत्रकार मौजूद थे।

## कुशवाहा छात्रावास गिरिडीह में लाइफ चेंजिंग सेमिनार आयोजित

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




रविवार 24जुलाई 2022को कुशवाहा छात्रावास सिहोडीह,गिरिडीह में लाइफ चेंजिंग सेमिनार का आयोजन द संत जी इंस्टीट्यूट गिरिडीह के द्वारा आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम ने मेमोरी ट्रेनर अजीत भारती ने शिरकत किया और अपनी मेमोरी को कैसे बढ़ा सकते हैं, किसी चीज को चुटकी में कैसे याद कर लें, विषय पर उन्होंने विस्तार से सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थियों को बताया । विद्यार्थियों के बीच में उन्होंने प्रैक्टिकल करके दिखाया। जिसे देखकर और समझकर श्सभी चौक गए। जब उन्होंने कई संख्याओं को अचानक जोड़ कर दिखाया और जैसी तैसी संख्याओं को पुनः बिना देखे उन्होंने बोल कर दिखाया। इस कार्यक्रम में करीब 800 छात्र–छात्राओं, शिक्षक बंधुओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर संत जी इंस्टिट्यूट गिरिडीह द्वारा आयोजित एजुकेशनल सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि गिरिडीह जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ,भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, नगर निगम गिरिडीह के उपमहापौर प्रकाश सेठ, डॉ अनुज कुमार प्राचार्य महिला कॉलेज गिरिडीह,बिनोद कुमार अंग्रेजी शिक्षक डोरंडा उच्च विद्यालय ,प्रोफेसर विनीता कुमारी गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह जाने–माने शिक्षक मुन्ना कुशवाहा, चंद्र देव वर्मा जिला परिषद सदस्य 13 कुमारी प्रभा वर्मा ,डॉक्टर राज किशोर वर्मा ,प्रोफेसर एमएन सिंह ने संयुक्त रूप से किया । मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी । सभी ने कार्यक्रम आयोजन करने के लिए संत जी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सुभाष कुमार संत पिता त्रिलोकी महतो को धन्यवाद दिया और कहा कि आने वाले समय में और वर्तमान सत्र से ही आईएससी बीएससी एमएससी इत्यादि के लिए संत जी इंस्टीट्यूट एक बेहतर विकल्प है । गिरिडीह जैसे शहर के लिए ऐसे इंस्टिट्यूट बहुत जरूरी था अब यहां के बच्चे गिरिडीह में ही रहकर गुणात्मक शिक्षा हासिल कर पाएंगे ।कार्यक्रम में कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम का विधिवत संचालन अंग्रेजी शिक्षक बिनोद कुमार ने किया।

## कुशवाहा संघ गिरिडीह की जमुआ पश्चिमी भाग इकाई का पुनर्गठन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



रविवार 24जुलाई2022 को कुशवाहा संघ जमुआ पभाग का प्रखण्ड स्तरीय सम्मेलन सह पुनर्गठन पंचायत सचिवालय दुम्मा में आयोजित किया गया। जिसमें चुनाव प्रभारी बतौर शिवनंदन वर्मा, पर्यवेक्षक राजू महतो, मुख्य अतिथि बतौर कुशवाहा संघ गिरिडीह उपाध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद दिवाकर, विशिष्ट अतिथि बतौर जिप सदस्य पिंकी वर्मा उपस्थित थे। सर्व सम्मति से पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव महतो संरक्षक, धनेश्वर वर्मा अध्यक्ष, मनोज वर्मा मंत्री, शिवशंकर आजाद कोषाध्यक्ष, मनोज वर्मा, इन्द्र जीत वर्मा, मुंशी वर्मा,लक्ष्मण वर्मा उपाध्यक्ष,हरिकिशोर वर्मा, धनंजय वर्मा, सुरेश वर्मा,शंकर वर्मा,सह मंत्री, विवेक राज युवा प्रमुख,आशीष वर्मा छात्र प्रमुख, अनिता वर्मा महिला प्रमुख, प्रभाकर वर्मा मीडिया प्रमुख सहित 31 सदस्यी कार्यकारिणी का चयन सर्वसम्मति से किया गया ।सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य पदेन सदस्य रहेंगे। आज के इस कार्यक्रम में जमुआ पश्चिमी भाग के सैंकड़ों कुशवाहा समाज के गणमान्य और प्रबुद्ध जन मौजुद थे।

## कोचिंग संचालक ने किया सम्मान समारोह आयोजित

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलगो पंचायत के खुरजिओ गाँव मे अवस्थित आदर्श कोचिंग सेंटर में रविवार को सेंटर संचालक ने सम्मान समारोह का आयोजन किया गया बता दे कि इस समारोह में उन बच्चों को सम्मानित किया गया। जिसमें जैक बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को समन्नित किया गया। जो कि सचिन कुमार, मनोहर कुमार वर्मा, निक्की कुमारी और अभिषेक रवानी को सम्मानित किया गया जिसमें इस समारोह में उपस्थित रहे बिरनी प्रखंड के उप प्रमुख शेखर सुमन, बलगो मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार दास,जिप सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार वर्मा,सुनील वर्मा,सीआरपी कार्तिक कुमार कुशवाहा और कोचिंग संचालक संजय कुमार वर्मा मौजूद रहे।

ESTD- 2019

INDIAN ANTHEM SCHOOL

SRINAGAR, BARHI HAZARIBAGH

छात्र-छात्राओं की सर्वांगीण उन्नति में सतत प्रयत्नशील



ईशु कुमारी
प्राप्तांक- 485/ 97%
(All Jharkhand Rank- 6)


अश्विनी कुमारी
प्राप्तांक- 467/ 93.40%


चंचला कुमारी
प्राप्तांक- 459/ 91.80%

Admission Is Going On

Director - Sudhakar Yadav
M. 8340399519, 9122380565

हमारे संस्थान के प्रतिभावान विद्यार्थी जिन्होने झारखण्ड माध्यमिक बोर्ड - 2021-2022 में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

PUSTAK BHANDAR

Dealers & Suppliers In : Sports Goodies Equipments & Kit,
Lifestyle Goods All Types Of Office, School Stationary & Equipments

DOMS LINC Rorito Camlin Reynolds Luxor Elkos Faber-Castell HAUSER Pidilite
CASIO munix Flair cello NATARAJ apsara kangaro शर्मा गेम्स

Prop.- Shailendra Kr. Gupta 7549147130, 7488420718, 7004844865

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार